# PTET

## 2017 सॉल्व्ड पेपर

## PDF डाउनलोड


- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

लाइव क्लासेज
सभी प्रश्नोत्तरी PDF
Click Here डाउनलोड

राजस्थान GK नोट्स
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड


सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

# PTET-2017 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र


[स्मृति पर आधारित]

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

**1. समस्या आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4) **(2)**

**2. असंगत का चयन कीजिए-**
(1) 16-256 (2) 12-144
(3) 13-169 (4) 15-180 **(4)**

**3. अगर mathematics = 12345123678 तो mahatma = ?**
(1) 1242312 (2) 12345123
(3) 12425341 (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**निर्देश**–निम्न प्रश्नों में दो कथन और उसके पश्चात् चार निष्कर्ष हैं। सभी निष्कर्षों को ध्यान से पढ़कर कथनों के आधार पर सही निष्कर्ष का चयन कीजिए–

**4. कथन-** 1. सभी एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ यहाँ रूकती हैं।
2. चेतक यहाँ नहीं रूकती।
**निष्कर्ष-** I. चेतक यात्री गाड़ी ट्रेन है।
II. चेतक सुपर फास्ट रेलगाड़ी है।
III. चेतक एक्सप्रेस रेलगाड़ी नहीं है।
IV. चेतक विशेष रेलगाड़ी है।
(1) केवल III सही है।
(2) केवल I और II सही हैं।
(3) केवल II और IV सही हैं।
(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**5. कथन-** 1. कुछ अभिनेता अध्यापक हैं।
2. सभी आर्किटेक्ट अध्यापक हैं।
**निष्कर्ष-** I. सभी अभिनेता अध्यापक हैं।
II. कुछ आर्किटेक्ट अध्यापक हैं।
III. सभी अध्यापक अभिनेता हैं।
IV. कुछ अभिनेता आर्किटेक्ट हैं।
(1) केवल II सही है।
(2) केवल III और IV सही हैं।
(3) केवल II और IV सही हैं।
(4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**6. एक मोटरसाइकिल और एक साइकिल का मूल्य 9 : 5 के अनुपात में है। यदि मोटरसाइकिल का मूल्य साइकिल से 6800 रू. अधिक है तो मोटरसाइकिल का मूल्य है-**
(1) 17000 रू. (2) 16200 रू.
(3) 13600 रू. (4) 15300 रू. **(4)**


**7. प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आयेगा-**
**? : जिराफ :: ऑस्ट्रेलिया : कंगारू**
(1) अफ्रीका (2) भारत
(3) फ्राँस (4) अमेरिका **(1)**

**8. एक बागवान ने 17956 वृक्ष इस तरह लगाए कि वृक्षों की उतनी ही कतारें हैं जितने वृक्ष एक कतार में हैं। एक कतार में वृक्षों की संख्या है-**
(1) 136 (2) 134
(3) 144 (4) 154 **(2)**

**9. यदि एक कतार में रेखा एक छोर से 7 वें स्थान पर और दूसरे छोर से 11 वें स्थान पर खड़ी हैं तो कतार में लड़कियों की कुल संख्या है-**
(1) 17 (2) 21
(3) 19 (4) 20 **(1)**

**10. बेमेल को छांटिए-**
(1) TSGH (2) XCWD
(3) VEUF (4) ZAYB **(1)**

**निर्देश-** निम्न आरेख का अध्ययन करें, इसमें एक परीक्षार्थी द्वारा 5 विषयों–गणित, अंग्रेजी, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान में प्राप्त अंकों को बताया गया है। परीक्षा के पूर्णांक 540 हैं।





**11. किस विषय में परीक्षार्थी ने 105 अंक प्राप्त किए?**
(1) विज्ञान (2) अंग्रेजी
(3) सामाजिक (4) इनमें से कोई नहीं **(4)**


**12. विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान के अंकों का पूर्णांकों में कितना प्रतिशत है?**
(1) 45% (2) 55%
(3) $44\frac{4}{9}\%$ (4) $55\frac{5}{9}\%$ **(4)**

**13. पूर्णांक में से गणित के अंकों का प्रतिशत क्या है?**
(1) 20% (2) 25%
(3) 35% (4) 40% **(2)**

**14. समस्या आकृतियाँ**



**उत्तर आकृतियाँ**



(1) (2) (3) (4) **(4)**

**15. कमल रवि का भाई है। रेखा अतुल की बहिन है। रवि रेखा का पुत्र है। तो कमल का रेखा से क्या रिश्ता है?**
(1) पुत्र (2) भाई
(3) भतीजा (4) पति **(1)**

**16. 'मेडागास्कर' का 'हिन्द महासागर' से वहीं संबंध है जो 'ग्रीनलैण्ड' का है-**
(1) हिन्द महासागर (2) प्रशांत महासागर
(3) अटलांटिक महासागर
(4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**17. P, Q को 20% लाभ पर एक साइकिल बेचता है और Q उसे 25% लाभ पर R को बेच देता है। यदि R इसके 1500 रू. देता है तो P ने इसकी कितनी राशि दी?**
(1) 825 रू. (2) 1125 रू.
(3) 1100 रू. (4) इनमें से कोई नहीं **(4)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

18. राम अपनी यात्रा X बिन्दु से प्रारम्भ करता है। सात क्रिकेट खिलाड़ी X बिन्दु के उत्तर की दिशा में सीधी लाइन में खड़े हैं। प्रत्येक क्रिकेट खिलाड़ी के मध्य 3 किमी का अन्तर है एवं अंतिम खिलाड़ी एम. एस. धोनी है। प्रथम खिलाड़ी राहुल द्रविड़ है जो X बिन्दु से 3 किमी. की दूरी पर खड़े हैं। अब बिन्दु X से प्रारम्भ करते हुए राम उत्तर की ओर 10 किमी चलता है एवं बाएँ मुड़कर 4 किमी चलता है एवं पुनः दाहिने मुड़कर 5 किमी चलता है और पुनः दाहिने मुड़कर 4 किमी चलता है। यदि राम, एम. एस. धोनी से मिलता है तो उसने कितने किमी भ्रमण किया?
(1) 25 किमी (2) 29 किमी
(3) 21 किमी (4) 20 किमी (2)

19. पाँच वर्ष पूर्व P, Q, R और S की औसत आयु 45 वर्ष थी। T के जुड़ने से सभी पाँचों की औसत आयु 49 वर्ष हो गई है। T की आयु कितने वर्ष है?
(1) 45 (2) 40
(3) 25 (4) 65 (1)

20. एक समय में केवल एक अक्षर परिवर्तित करते हुए कितने न्यूनतम चरणों में शब्द 'LOCK' को 'BANK' में बदला जा सकता है? प्रत्येक परिवर्तन में एक सार्थक शब्द बनना चाहिए-
(1) 6 (2) 5
(3) 4 (4) 3 (4)

21. श्रृंखला में गलत संख्या को चिह्नित कीजिए- 16, 25, 41, 66, 102, 151, 251
(1) 251 (2) 41
(3) 66 (4) 25 (1)

22. राजीव अतुल का भाई है। सोनिया सुनील की बहन है। अतुल सोनिया का पुत्र है। राजीव का सोनिया से क्या सम्बन्ध है?
(1) भतीजा (2) पुत्र
(3) भाई (4) पिता (2)

23. कथन-आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय साथ-साथ रहने चाहिए।
पूर्वधारणाएँ-
I. केवल आर्थिक विकास ही सामाजिक न्याय ला सकता है।
II. सामाजिक न्याय के बिना जीवन जीने योग्य नहीं है।
(1) केवल पूर्वधारणा (I) अंतर्निहित है
(2) केवल पूर्वधारणा (II) अंतर्निहित है
(3) न तो (I) और न ही (II) अंतर्निहित है
(4) दोनों (I) तथा (II) अंतर्निहित हैं (3)

24. एक मशीन का निर्धारित मूल्य 620 रू. है। मशीन पर 15% की छूट दी जा रही है, तो विक्रय मूल्य होगा-
(1) 427 रू. (2) 547 रू.
(3) 537 रू. (4) इनमें से कोई नहीं
(4)


25. असंगत युग्म को चुनिए-
(1) चीन–बीजिंग (2) भारत–दिल्ली
(3) स्पेन–मेड्रिड (4) युगांडा–नैरोबी (4)

26. सुनील 1 किमी. पूर्व की ओर चलता है फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 5 किमी. चलता है। वापस पूर्व की ओर मुड़कर वह 2 किमी. चलता है। उसके बाद वह उत्तर की ओर मुड़कर 9 किमी. चलता है, तो सुनील के प्रारम्भिक केन्द्र से उसके वर्तमान केन्द्र की दूरी कितने किमी. है?
(1) 5 किमी. (2) 16 किमी.
(3) 13 किमी. (4) 8 किमी. (1)

27. कथन- इस प्रकरण पर विस्तृत एवं समझने योग्य जानकारी प्राप्त करने हेतु पुस्तक को पढ़ें।
पूर्वधारणाएँ-
I. व्यक्ति, जो जानकारी चाहता हो, पुस्तक पढ़ सकता है।
II. इस प्रकरण पर अन्य पुस्तकें भी उपलब्ध हैं।
(1) केवल पूर्वधारणा (I) अंतर्निहित है
(2) केवल पूर्वधारणा (II) अंतर्निहित है
(3) न तो (I) और न ही (II) अंतर्निहित है
(4) दोनों (I) तथा (II) अंतर्निहित हैं (1)

28. दी गई श्रृंखला में रिक्त स्थान हेतु उचित विकल्प चुनिये-
J, K, M, P, T, ?
(1) X (2) W
(3) Y (4) इनमें से कोई नहीं
(3)

निर्देश– निम्न प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों में से तीन विकल्प ऐसे हैं कि प्रत्येक में तीन शब्द आपस में तरह संबंधित हैं जैसे नीचे दिए गये (A), (B), (C), (D) तथा (E) में से एक में प्रदर्शित है और विकल्पों में से एक ऐसे संबंध को बताता है कि किसी भी पाँच आकृति में प्रदर्शित नहीं है। उस विकल्प को चिहिन्त कीजिए।




29. (1) लड़का, लड़की, खिलाड़ी
(2) बिस्तर, वार्ड, अस्पताल
(3) ताँबा, जस्ता, लोहा
(4) पुस्तक, पृष्ठ, अनुच्छेद
(3)

30. (1) शेर, पशु, मांसाहारी
(2) शरीर, कान, मुँह
(3) बिस्तर, वार्ड, नर्स
(4) मुर्गा, कुत्ता, बिल्ली (4)

31. (1) फल, आम, घास
(2) निदेशक, इंजीनियर, संगीतकार
(3) सेव, नारंगी, आम
(4) ऑक्सीजन, हवा, पानी
(3)

32. (1) चित्रकार, विद्वान, मेज
(2) आदमी, टाईपिस्ट, चपरासी
(3) लड़का, विद्यार्थी, खिलाड़ी
(4) आर्मी, जनरल, कर्नल
(1)

33. (1) अधिष्ठाता, चित्रकार, गायक
(2) खनिज, लोहा, ताँबा
(3) उपर्युक्त (1) व (2) दोनों
(4) इनमें से कोई नहीं (4)

34. श्रृंखला में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए- 1, 4, 9, 16, ?
(1) 21 (2) 19 (3) 20 (4) 25 (4)

35. DEF, JKL, GHI के बाद क्या होगा?
(1) PQR (2) ABC
(3) MNO (4) OPQ (3)

36. बेमेल चिन्हित कीजिए-
(1) महाविद्यालय और प्राचार्य
(2) नौसेना और कमांडर
(3) डाकखाना और डाक अधिकारी
(4) इनमें से कोई नहीं (4)

37. 'चेहरे' का 'अभिव्यक्ति' से वही संबंध है जो 'हाथ' का ....... के साथ है-
(1) काम (2) हाथ मिलाना
(3) इशारा करना (4) इनमें से कोई नहीं (3)

38. एक लड़का 15.6 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ता है। 2 मिनट में वह कितने मीटर दौड़ेगा-
(1) 260 (2) 312
(3) 520 (4) 1040 (3)

39. पाँच किताबें एक दूसरे पर रखी हैं। E, A पर है, C, B के नीचे हैं। यदि A, B के ऊपर हैं और D, C से नीचे हैं, तो सबसे ऊपर कौनसी किताब है?
(1) E (2) B
(3) C (4) D (1)

40. A, B से 300 दिन बड़ा है और C, A से 50 सप्ताह बड़ा है। यदि C का जन्म मंगलवार को हुआ था तो B का जन्म किस दिन हुआ?
(1) रविवार (2) मंगलवार
(3) रविवार (4) सोमवार (4)

41. A, B से बड़ा है और C, D से बड़ा है। यदि D, B से लम्बा है तो सबसे बड़ा कौन है?
(1) B (2) C
(3) A (4) इनमें से कोई नहीं (2)

42. आदिम : सभ्य :: ? : ?
(1) जंगली : जानवर (2) पाश्विक : वीरतापूर्ण
(3) अंधेरा : उजाला (4) इनमें से कोई नहीं (3)

43. यदि एक कूट भाषा में painter को ncgprgp लिखते हैं तो reason को कैसे लिखेंगे?
(1) pcyqmn (2) pgyump
(3) pgyupm (4) pgyqmn (2)

44. प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आयेगा?
AND, COF, FPI, JQM, ?
(1) PRT (2) ORR
(3) QRS (4) ORS (2)

45. निम्न श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह के स्थान पर आयेगा- 60, 30, 120, 15, 240, ?
(1) 30 (2) 120
(3) 240 (4) $7\frac{1}{2}$ (4)

46. सादृश्य को पूर्ण कीजिए- घड़ी : समय :: लैम्प : ?
(1) कमरा (2) चमक
(3) प्रकाश (4) अन्धेरा (3)

47. बेमेल चिन्हित कीजिए-
(1) उद्यमी (2) भूस्वामी
(3) वित्तदाता (4) निवेशक (1)

48. 'कलम' का 'लिखने' से वही संबंध है जो 'क्रिकेट' का है-
(1) मैदान (2) खिलाड़ी
(3) खेलने (4) हॉकी (3)

49. यदि एक कूट भाषा में boxer को aqwgq लिखते हैं तो visit को कैसे लिखेंगे?
(1) wkrku (2) wkrks
(3) ukrks (4) ukrkp (3)

50. यदि P + Q का अर्थ है कि P, Q का पति है, P ÷ Q का अर्थ है P, Q की बहिन है, और P × Q का अर्थ है कि P, Q का पुत्र है। निम्न में से कौनसा विकल्प बताता है कि A, B की पुत्री है-
(1) $A \div D \times B$ (2) $B + C \times A$
(3) $D \times B + C \div A$ (4) इनमें से कोई नहीं (1)



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

# भाग-ब : शिक्षण अभिवृत्ति व अभिरूचि परीक्षण

**51. नैतिक मूल्यों का प्रभावी रूप से विकास किया जा सकता है, यदि शिक्षक-**
(1) धार्मिक बात करें।
(2) स्वयं उन पर आचरण करें।
(3) बार-बार मूल्यों की बात करें।
(4) महान् व्यक्तियों की कहानी सुनाये। (2)

**52. किसी परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं की जॉच करते समय आप क्या ध्यान में रखेंगे?**
(1) जो सही समझेंगे उसके अनुसार अंक देंगे।
(2) प्रश्नों के विभिन्न पदों के लिये अंक योजना बनाकर उसके अनुसार अंक देंगे।
(3) अंक देने में कड़ा रूख अपनायेंगे।
(4) सभी छात्रों को उत्तीर्ण कर देंगे। (2)

**53. वह कौनसा सामाजिक कारक है, जिसने भारत में परीक्षा सुधारों पर नकारात्मक प्रभाव डाला?**
(1) अप्रभावशाली विश्वविद्यालय प्रशासन
(2) परीक्षा की बोझिल पद्धति
(3) अपर्याप्त कक्षा कक्ष शिक्षण
(4) विद्यार्थियों और अध्यापकों का अनैतिक व्यवहार (4)

**54. प्रभावी शिक्षण सहायक सामग्री वह है जो-**
(1) रंग बिरंगी तथा आकर्षक हो
(2) सभी छात्रों को दिखाई देती हो
(3) अधिक महँगी हो
(4) सभी ज्ञानेन्द्रियों को सक्रिया करती हो (4)

**55. शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण चरण नहीं है-**
(1) पूर्व योजना बनाना
(2) शिक्षण सामग्री का संगठन करना
(3) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को जानना
(4) ट्यूशन के लिए प्रेरित करना (4)

**56. शिक्षक और विद्यार्थियों में अच्छे संबंधों का होना आवश्यक है क्योंकि-**
(1) शिक्षक को ट्यूशन मिलते हैं।
(2) इससे सीखने-सिखाने में सहयोग मिलता है।
(3) कक्षा का वातावरण अच्छा रहता है।
(4) इससे कक्षा में अनुशासन रहता है। (2)

**57. आपकी राय में जीवन में सफलता प्राप्ति हेतु आवश्यक है-**
(1) परिस्थितियों से समायोजन करना
(2) प्रभावशाली परिवार से जुड़ाव होना
(3) भाग्यवान होना
(4) अधिक धनी होना (1)

**58. आपकी राय में जीवन में सजगता का महत्त्व है-**
(1) शिक्षण व संस्था में (2) समग्र जीवन में
(3) परिवार में (4) आवश्यकता नहीं (2)

**59. वार्षिक परीक्षा प्रणाली में सुधार के प्रयास की आवश्यकता है-**
(1) मूल्यांकन प्रक्रिया में
(2) समय प्रणाली में
(3) लिखित और प्रायोगिक कार्यों में
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

**60. विद्यालयों में बढ़ती अनुशासनहीनता का प्रमुख कारण है-**
(1) वातावरण का प्रभाव
(2) अभिभावकों का हस्तक्षेप
(3) प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी
(4) विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों की कमी (4)

**61. शिक्षा मुख्यतः सहायक है-**
(1) बालक के सामाजिक विकास में
(2) बालक के राजनैतिक विकास में
(3) बालक के मानसिक विकास में
(4) बालक के सर्वांगीण विकास में (4)

**62. यदि किसी बालक की कक्षा में चोरी करने की आदत है तो आप उसकी इस आदत को दूर करने के लिए क्या करेंगे?**
(1) उसकी उपेक्षा करेंगे।
(2) अभिभावकों को सूचित करेंगे।
(3) उसे कठोर दण्ड देंगे।
(4) चोरी के कारणों का पता लगायेंगे। (4)

**63. यदि कोई अभिभावक परीक्षा में अपने बालक की सिफारिश अध्यापक से करे तो अध्यापक को चाहिए-**
(1) उसकी सहायता करें।
(2) उससे कहे कि वह फिर कभी ऐसा न करें।
(3) नम्रता तथा दृढ़ता के साथ ऐसा करने के लिए मना करें।
(4) इनमें से कोई नहीं (3)

**64. वर्षा के कारण कक्षा में छात्रों की उपस्थिति कम है, तब आप-**
(1) अन्य विषय पढ़ायेंगे।
(2) वर्षा का आनन्द उठायेंगे।
(3) जितने छात्र हैं, उन्हें अपना विषय पढ़ाएंगे।
(4) छात्रों को सामान्य ज्ञान की बातें बताएँगे। (3)

**65. एक उत्तम शैक्षिक कार्यक्रम ......... के अनुरूप होता है।**
(1) पाठ्यक्रम
(2) विद्यालय की आवश्यकता
(3) विद्यार्थी की आवश्यकता
(4) विद्यार्थी एवं समाज की आवश्यकता (4)

**66. आपके मतानुसार आधुनिक जीवन में शिक्षा को माना जाता है-**
(1) व्यावसायिक विवेक उत्पन्न करने का साधन
(2) चेतना उत्पन्न करने का साधन
(3) मोक्ष प्राप्ति का साधन
(4) व्यक्तित्व निर्माण का साधन (4)

**67. ........... कक्षा में नेतृत्व करता है-**
(1) अध्यापक (2) प्रधानाध्यापक
(3) छात्र-समूह (4) मॉनीटर (1)

**68. निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता प्रमुख रूप से अध्यापक से संबंधित हैं?**
(1) प्रभावी शाब्दिक सम्प्रेषण होना।
(2) विद्यार्थियों से अच्छा तालमेल होना।
(3) विषय-वस्तु की निपुणता।
(4) राजनेताओं से आदर प्राप्त करना। (3)

**69. निम्नलिखित में से शिक्षक के लिए कौनसा कार्य सर्वाधिक वांछित हैं?**
(1) कक्षा में कठोर अनुशासन बनाये रखना
(2) जटिल विषय-वस्तु को सरल कर समझाना
(3) श्यामपट्ट का उपयोग अच्छे ढंग से करना
(4) कक्षा में स्पष्ट एवं जोर से बोलना (2)

**70. शिक्षकों के प्रति प्रधानाध्यापक का व्यवहार होना चाहिए-**
(1) प्रभावपूर्ण (2) अनुशासनात्मक
(3) निष्पक्ष (4) समयानुसार (3)

**71. विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति को कम करने के लिए आप-**
(1) छात्रों की पिटाई करेंगे।
(2) सृजनात्मकता को बढ़ावा देंगे।
(3) शिक्षण विधि में परिवर्तन करेंगे।
(4) पाठ्य-सहगामी क्रियाओं को बढ़ावा देंगे। (3)

**72. श्यामपट्ट पर लिखते समय अध्यापक को विशेष ध्यान रखना चाहिए-**
(1) सुन्दर हस्त-लेखन पर
(2) रंगीन चॉक के उपयोग पर
(3) छोटे अक्षरों पर
(4) सीधी पंक्ति में लिखने पर (4)

**73. एक नेता का महत्त्वपूर्ण कार्य है-**
(1) कार्य की पहल करना
(2) व्यक्ति के कार्य का मूल्यांकन
(3) निर्देश देना
(4) संगठन को एक करना और निर्णय लेना (4)

**74. समाज में हो रहे नैतिक पतन को रोकने के लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प है-**
(1) शिक्षक द्वारा सदाचरण
(2) कठोर दंड
(3) नैतिक शिक्षा
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं (3)

**75. अनौपचारिक शिक्षा का पहला केन्द्र है-**
(1) समाज (2) घर
(3) विद्यालय (4) खेल का मैदान (2)

**76. विद्यालयों में अनुशासन बनाया जा सकता है-**
(1) उत्तेजित भाषण देकर
(2) विद्यालय के कार्यों की जिम्मेदारी देकर
(3) अनुशासित विद्यार्थियों को पुरस्कृत करके
(4) उदाहरण प्रस्तुत करके (3)

**77. एक प्रभावी कक्षा-कक्ष वातावरण का मूल तत्व है-**
(1) अनुशासन
(2) सम्पूर्ण शांति
(3) शिक्षण सामग्री की विविधत
(4) शिक्षक-छात्रों की सजीव अन्त:क्रिया (4)

**78. पाठ्य सहभागी क्रियाएँ आवश्यक हैं-**
(1) विश्राम करने हेतु
(2) नैतिक मूल्यों के विकास हेतु
(3) सामाजिक गुणों के विकास हेतु
(4) छात्रों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास हेतु (4)

**79. शिक्षण एक प्रक्रिया के रूप में सम्मिलित करता है-**
(1) केवल विद्यार्थी को
(2) विद्यार्थी, शिक्षक एवं पाठ्यक्रम को
(3) विद्यार्थी एवं शिक्षक को
(4) विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक को (2)

**80. विद्यालय की समय सारणी का आधार होना चाहिए-**
(1) विषयों की विषय वस्तु अनुसार
(2) विद्यालय की सुविधा
(3) छात्रों की सुविधा
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

**81. शिक्षक होने के नाते आप कक्षा में प्रश्न क्यों पूछेंगे-**
(1) कक्षा में समय बिताने हेतु।
(2) विषय वस्तु पर चर्चा करने हेतु।



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

(3) कक्षा में अनुशासन बनाए रखने हेतु।
(4) विद्यार्थियों का विषय वस्तु पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु। **(4)**

**82. कक्षा शिक्षण को रुचिकर बनाने का सबसे प्रभावी साधन है-**
(1) शिक्षण विधि (2) विषय सामग्री
(3) पाठ योजना (4) शिक्षक का व्यक्तित्व **(1)**

**83. एक अध्यापक के लिए कौनसा कथन सर्वाधिक उपयुक्त है-**
(1) एक परामर्शदाता की तरह व्यवहार करना।
(2) एक दोस्त की तरह व्यवहार करना।
(3) एक मार्गदर्शक की तरह व्यवहार करना।
(4) एक सख्त अनुशासक की तरह व्यवहार करना। **(3)**

**84. छात्रों के लिए सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि-**
(1) आंतरिक मूल्यांकन के अंक अध्यापक द्वारा दिये जाने के कारण छात्र अनुशासित रहते हैं।
(2) अध्यापक विभिन्न प्रविधियों द्वारा छात्रों का सत्र पर्यन्त व्यापक मूल्यांकन करता है।
(3) उपर्युक्त (1) व (2) दोनों
(4) यह मूल्यांकन कार्य को सरल करता है। **(3)**

**85. 'करके सीखना' उपयोगी है क्योंकि-**
(1) बच्चे स्वयं करके अधिक सीखते हैं।
(2) यह समय की बर्बादी है।
(3) वे क्रियाशील रहते हैं।
(4) इससे बालक अनुशासित रहते हैं। **(1)**

**86. अधिकांश विद्यार्थी उन अध्यापकों से पढ़ने में रूचि लेते हैं, जो-**
(1) देखने में सुन्दर लगते हैं।
(2) पहले भी उन्हें पढ़ा चुके हैं।
(3) उपर्युक्त (1) व (2) दोनों
(4) विद्यार्थियों की समस्याएँ हल करने में रूचि लेते हैं। **(4)**

**87. शिक्षक के लिए सर्वाधिक अनिवार्य विशेषता है-**
(1) अच्छी पोशाक में रहना
(2) विद्वान व्यक्ति होना
(3) अपने विषय में निपुण होना
(4) धैर्यवान होना **(3)**

**88. वही सफल अध्यापक हो सकता है, जो-**
(1) अच्छे अंक देता है।
(2) कठोर अनुशासन रखता है।
(3) नियमित गृह–कार्य देता है।
(4) छात्रों की प्रगति के प्रति सजग रहता है। **(4)**

**89. समाज सेवा के प्रति शिक्षक को-**
(1) राजनीतिक होना चाहिए।
(2) सक्रिय होना चाहिए।
(3) आर्थिक सहायता एकत्रित नहीं करनी चाहिए।
(4) उदासीन रहना चाहिए। **(2)**

**90. राष्ट्र के विकास में मुख्य बाधा है-**
(1) निरक्षरता (2) राजनैतिक हस्तक्षेप
(3) प्रदूषण (4) जनसंख्या वृद्धि **(2)**

**91. आप शिक्षक क्यों बनना चाहते हैं-**
(1) आप पैसा कमाना चाहते हैं।
(2) शिक्षण सबसे लोकप्रिय व्यवसाय है।
(3) आप आदर्श एवं स्वस्थ समाज का निर्माण चाहते हैं।
(4) आपको पढ़ना–पढ़ाना अच्छा लगता है। **(3)**

**92. छात्रों द्वारा छात्रसंघ के चुनाव कराने का दबाव पड़ने पर प्राचार्य के रूप में आप करेंगे?**
(1) चुनाव नहीं होने देंगे
(2) उनकी समस्याओं को समझकर समाधान का प्रयास करेंगे
(3) तटस्थ रहेंगे
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं **(2)**

**93. सीखने पर विद्यार्थियों के किन गुणों का प्रभाव पड़ता हैं?**
(1) विद्यार्थी बाहरी सहायता के प्रति उदार या सीमित हैं
(2) विद्यार्थी शांत या बातूनी होता है
(3) विद्यार्थी अंतर्मुख या बहिर्मुखी है
(4) विद्यार्थी शारीरिक रूप से शक्तिशाली या कमजोर है **(3)**

**94. कक्षा में प्रभावी अनुशासन के लिए अध्यापक को चाहिए कि-**
(1) छात्रों को जो वो पसन्द करते हैं वह करने दे।
(2) छात्रों को कुछ समस्याएँ हल करने को दे।
(3) छात्रों के साथ कठोर व्यवहार करें।
(4) उनसे शिष्टापूर्वक तथा दृढ़ता के साथ व्यवहार करें। **(4)**

**95. प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वस्तुनिष्ठ प्रश्न उपयुक्त रहते हैं क्योंकि-**
(1) ये प्रश्न विश्वसनीय तथा वैध होते हैं।
(2) इन प्रश्नों का कोई औचित्य नहीं है।
(3) इनसे छात्रों के वास्तविक ज्ञान का आंकलन गलत होता है।
(4) इससे कॉपी जाँचने में कम समय लगता है। **(1)**

**96. कक्षा में सम्प्रेषण का महत्त्व है क्योंकि-**
(1) यह कक्षा के वातावरण को सक्रिय बनाता है।
(2) यह शिक्षक एवं छात्र दोनों को पृष्ठपोषण देता है।
(3) इसमें विचारों और भावनाओं का आदान–प्रदान होता है।
(4) उपर्युक्त सभी **(4)**

**97. शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग-**
(1) धारण शक्ति को बढ़ाता है।
(2) कक्षा–कक्ष को सुन्दर बनाता है।
(3) शिक्षक का बोझ कम करता है।
(4) एकाग्रता एवं अधिगम को बढ़ाता है। **(4)**

**98. एक जीवंत कक्षा-कक्ष की स्थिति की प्रमुख विशेषता है-**
(1) सम्पूर्ण शांति होना
(2) छात्रों में विचार–विमर्श होना
(3) शिक्षक छात्रों के बीच विचार–विमर्श होना
(4) शिक्षक द्वारा नोट्स लिखवाना **(3)**

**99. एक शिक्षक को 'बाल मनोविज्ञान' की जानकारी होनी चाहिए-**
(1) इससे कक्षा में अनुशासन स्थापित होता है।
(2) इससे अध्यापक के व्यक्तित्व में सुधार होता है।
(3) इससे विद्यार्थियों को दण्डित करने में सुविधा मिलती है।
(4) इससे विद्यार्थियों के व्यवहार को समझने में सहायता मिलती है। **(4)**

**100. आप किस विद्यार्थी को कक्षा मॉनीटर बनाएँगे?**
(1) जो बदमाश हो
(2) जो चतुर हो।
(3) जिसमें नेतृत्व की अच्छी क्षमता हो।
(4) जो सभी विद्यार्थियों को साथ रखता हो। **(3)**

## भाग-स : सामान्य ज्ञान

**101. किस हार्मोन में आयोडीन होता है?**
(1) इंसुलिन (2) टेस्टोस्टेरोन
(3) थाइरॉक्सिन (4) कोई नहीं **(3)**

**102. भारत विश्व के कितने प्रतिशत भूभाग पर अवस्थित है?**
(1) 2.4 (2) 1.8
(3) 3.5 (4) 1.08 **(1)**

**103. किसे गरीब नवाज कहा जाता है?**
(1) ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
(2) शेख निजामुद्दीन औलिया
(3) ख्वाजा अहमद (4) बाबा फरीद **(1)**

**104. 4 जी तकनीक में 'जी' शब्द का विस्तार है-**
(1) जेनेरेशन (2) जुडिशियल
(3) गोइंग (4) गेट वे **(1)**

**105. वर्तमान लोकसभा में सीटों का आवंटन किस जनगणना के अनुसार है?**
(1) 1971 (2) 1981
(3) 2001 (4) 1991 **(1)**

**106. शिक्षा किस विषय से संबंधित है?**
(1) संघ सूची (2) समवर्ती सूची
(3) आवृत्ति सूची (4) राज्य सूची **(2)**

**107. नटराज किसका प्रतिरूप है-**
(1) गणेश (2) शिव
(3) हनुमान (4) राम **(2)**

**108. अटाकामा मरूस्थल स्थित है-**
(1) एशिया (2) उत्तरी अमेरिका
(3) दक्षिणी अमेरिका (4) इनमें से कोई नहीं **(3)**

**109. पीवी सिंधु ने किसे हराकर इंडिया ओपन का खिताब जीता?**
(1) सुन जी यून (2) चिन पी यून
(3) हुई पी यू (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

**110. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना हुई?**
(1) 1885 (2) 1886
(3) 1887 (4) 1888 **(1)**

**111. किस शहर की जनसंख्या सर्वाधिक है?**
(1) टोकियो (2) शंघाई
(3) मुम्बई (4) रायपुर **(2)**

**112. माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली दूसरी महिला है?**
(1) संतोष यादव (2) ममता यादव
(3) सुनिता यादव (4) कृष्णा यादव **(1)**

**113. शक संवत् पर आधारित भारतीय राष्ट्रीय पंचांग को कब अपनाया गया?**
(1) 1950 (2) 1957
(3) 1951 (4) 1952 **(2)**

**114. नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन, अमेरिका ने भारत के किस स्थान पर बास्केटबॉल स्कूल आरंभ**


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

किया है?
(1) दिल्ली (2) मुम्बई
(3) गुजरात (4) इनमें से कोई नहीं (2)

**115. तारक मेहता किस भाषा के लेखक थे?**
(1) हिन्दी (2) बांग्ला
(3) गुजराती (4) मराठी (3)

**116. भारतीय विज्ञान कांग्रेस किस वर्ष आयोजित होगी?**
(1) 2017 (2) 2018
(3) 2019 (4) 2020 (2)

**117. 64 वें राष्ट्रीय पुरस्कार 2017 में किस फिल्म ने सर्वोत्कृष्ट फिल्म का खिताब जीता?**
(1) बाहुबली (2) कासव
(3) तनु वेड्स मनु (4) फिरंगी (2)

**118. मतदाताओं के हाथ में लगाई जाने वाली स्याही होती है-**
(1) सिल्वर नाइट्रेट (2) सोडियम नाइट्रेट
(3) कैल्शियम नाइट्रेट (4) उक्त सभी (1)

**119. लीलावती ग्रंथ में विषय वस्तु है-**
(1) संस्कृत (2) उर्दू
(3) हिन्दी (4) गणित (4)

**120. आठवीं कक्षा तक अनिवार्य संस्कृत शिक्षा करने वाला राज्य है-**
(1) असम (2) केरल
(3) तमिलनाडु (4) इनमें से कोई नहीं (1)

**121. भारत का सबसे बड़ा राजमार्ग कौनसा है?**
(1) रा.रा. संख्या 29 (2) रा.रा. संख्या 13
(3) रा.रा. संख्या 8 (4) रा.रा. संख्या 44 (4)

**122. राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है?**
(1) 22 जून (2) 20 फरवरी
(3) 21 जून (4) 23 फरवरी (3)

**123. राजस्थान में नेप्था एवं गैस पर आधारित विद्युत संयंत्र स्थित है?**
(1) भरतपुर (2) करौली
(3) धौलपुर (4) सवाई माधोपुर (3)

**124. सुखदेव, भगत सिंह व राजगुरू को कब फाँसी दी गई?**
(1) 23 मार्च 1931 (2) 25 अगस्त 1932
(3) 18 जनवरी 1930 (4) 1 जुलाई 1931 (1)

**125. क्रिकेट का वर्ल्ड कप इंग्लैंड में किस वर्ष आयोजित होगा?**
(1) 2025 (2) 2023
(3) 2019 (4) 2020 (3)

**126. अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(1) नवीन महाजन (2) प्रवीण महाजन
(3) अशोक शर्मा (4) वासुदेव सिंहल (2)

**127. 2018 हॉकी विश्व कप का आयोजन किस देश में किया जायेगा?**
(1) पाकिस्तान (2) भारत
(3) न्यूजीलैंड (4) उ. कोरिया (2)

**128. राजा रवि वर्मा की ख्याति किस क्षेत्र में हैं?**
(1) मूर्तिकला (2) चित्रकला
(3) पटकथा लेखक (4) हास्य कवि (2)

**129. भारत द्वारा छोड़ा गया पहला उपग्रह था-**
(1) आर्यभट्ट (2) पीसीएल
(3) स्काइटर (4) बाणभट्ट (1)

**130. सबरीमाला किस राज्य में स्थित है?**
(1) राजस्थान (2) केरल
(3) असम (4) तमिलनाडु (2)

**131. रेटिना पर बनने वाला प्रतिबिंब होता है?**
(1) वास्तविक एवं सीधा (2) वास्तविक एवं उल्टा
(3) आभासी एवं सीधा (4) इनमें से कोई नहीं (2)

**132. प्रयाग शहर का वर्तमान नामकरण है-**
(1) गया (2) वाराणसी
(3) इलाहाबाद (4) सूरत (3)

**133. भारत का एकमात्र राज्य जहाँ समान नागरिक संहिता लागू है?**
(1) जम्मू व कश्मीर (2) मिजोरम
(3) असम (4) गोवा (4)

**134. भारतीय संविधान में कितने मूल कर्त्तव्यों का उल्लेख है?**
(1) 8 (2) 10
(3) 11 (4) 12 (3)

**135. अंतिम मुगल शासक कौन था?**
(1) बहादुर शाह जफर (2) अकबर
(3) हुमायूँ (4) जहाँगीर (1)

**136. लहसुन में आने वाली गंध का कारण है-**
(1) सल्फर यौगिक (2) पोटेशियम यौगिक
(3) एसिटिक यौगिक (4) इनमें से कोई नहीं (1)

**137. जनरल डायर की हत्या किसने की?**
(1) सहदेव सिंह (2) ऊधम सिंह
(3) करतार सिंह (4) आबूदान सिंह (2)

**138. हाल ही में संपन्न चुनावों में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री निर्वाचित हुए?**
(1) योगी आदित्यनाथ (2) केशव प्रसाद मौर्य
(3) दिनेश शर्मा (4) श्रीकांत शर्मा (1)

**139. कैंसर रोग के उपचार में किसके समस्थानिक का उपयोग किया जाता है?**
(1) कोबाल्ट (2) सोडियम
(3) आयरन (4) कोई नहीं (1)

**140. 'बुद्धा इन ए ट्रैफिक जाम' में फिल्मकार हैं-**
(1) अनुपम खेर (2) सुनील शेट्टी
(3) कादर खान (4) अमोल पालेकर (1)

**141. 1857 का भारतीय स्वातंत्र्य समर के लेखक हैं?**
(1) विनायक दामोदर सावरकर
(2) सुभाष चन्द्र बोस
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) आर. सी. शर्मा (1)

**142. गंगासागर मेला किस राज्य में भरता है?**
(1) गुजरात (2) उत्तर प्रदेश
(3) प. बंगाल (4) दिल्ली (3)

**143. महान पुरूष बिरसा मुंडा किस राज्य से थे?**
(1) उत्तराखंड (2) झारखंड
(3) उत्तरप्रदेश (4) मिजोरम (2)

**144. भारत के किस राज्य में रबर सर्वाधिक उत्पादित होता है?**
(1) मिजोरम (2) केरल
(3) तमिलनाडु (4) गोवा (2)

**145. मातोश्री पुस्तक के रचयिता हैं-**
(1) संतोष अहलावत (2) सुमित्रा महाजन
(3) वसुंधरा राजे सिंधिया
(4) प्रतिभा सिंह (2)

**146. भीम मोबाइल एप्प किसके द्वारा विकसित व परिष्कृत किया गया?**
(1) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
(2) भारतीय सूचना तंत्र विभाग
(3) आरबीआई
(4) बैंक एसोसिएशन ऑफ इंडिया (1)

**147. भारत में अधिकतम परमाणु परीक्षण कहाँ संपन्न होते हैं?**
(1) पोकरण (2) बरौनी
(3) राँची (4) कच्छ (1)

**148. दुलहस्ती पावर स्टेशन कहाँ स्थित है?**
(1) बनास (2) चन्द्रा
(3) माही (4) कोई नहीं (2)

**149. भारत के समुद्रतट की कुल लम्बाई कितने किमी है?**
(1) 4700 (2) 7500
(3) 5600 (4) 9000 (2)

**150. रेडक्रॉस का मुख्यालय स्थित है?**
(1) पेरिस (2) जिनेवा
(3) दिल्ली (4) पेशावर (2)

## भाग-द : भाषा कौशल : हिन्दी

**151. 'तरणी' शब्द का अर्थ नौका होता है तो तरणि का अर्थ होगा-**
(1) युवती (2) सूर्य
(3) टापू (4) कूलर (2)

**152. घोड़ा बहुत तेज दौड़ता है। वाक्य में प्रयुक्त क्रिया-प्रविशेषण हैं-**
(1) घोड़ा (2) तेज
(3) बहुत (4) दौड़ता (2)

**153. ''वहाँ जाओ।'', वाक्य है-**
(1) निषेधवाचक (2) प्रश्नवाचक
(3) आज्ञावाचक (4) क्रिया विशेषण उपवाक्य (3)

**154. कर्मधारय समास को दर्शाने वाला शब्द है-**
(1) यशापयश (2) चरणारविन्द
(3) नवरत्न (4) मुरारि (2)

**155. 'किसी बात को करने का निश्चय' कहलाता है-**
(1) संकल्प (2) अच्युत
(3) अमर (4) कोई नहीं (1)

**156. 'अत्युक्ति' शब्द में उपसर्ग है-**
(1) अति (2) अ
(3) युक्ति (4) अत् (1)

**157. विलोम शब्द युग्म सही नहीं है-**
(1) सम्मुख–विमुख (2) असीम–निस्सीम
(3) निष्काम–सकाम (4) आदान–प्रदान (2)

**158. सर्वनाम से बनी भाववाचक संज्ञा है-**
(1) सर्दी (2) कठोरता
(3) निजत्व (4) वाहवाही (3)

**159. 'आकार विहीन' के लिए एक शब्द है-**
(1) साकार (2) निराकार
(3) आकृष्ट (4) निकृष्ट (2)

**160. निम्न में से 'आकाश' का पर्यायवाची शब्द है?**
(1) अम्बर (2) नभ
(3) खगोल (4) उपर्युक्त सभी (4)



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

161. जिन व्यंजनों के उच्चारण में प्रश्वास की कम मात्रा लगती है। वे कहलाते हैं-
(1) संघोष (2) घोष
(3) अल्पप्राण (4) महाप्राण **(3)**

162. अंगारों पर लोटना मुहावरे का सही अर्थ है-
(1) जल जाना (2) ईर्ष्या करना
(3) कष्ट झेलना (4) नुकसान उठाना **(3)**

163. 'प्रिय' का तद्भव है-
(1) पिया (2) प्रेम
(3) प्रिया (4) प्यार **(1)**

164. जिसे व्याकरण का पूरा ज्ञान हो, वह कहलाता है-
(1) विद्वान (2) व्याकरणिक
(3) व्याकरणक (4) इनमें से कोई नहीं **(4)**

165. 'सर्सप' का तद्भव है-
(1) सर्प (2) सरसों
(3) सीपी (4) कोई नहीं **(2)**

166. विसर्ग संधि से बना शब्द है-
(1) स्वल्प (2) उद्यान
(3) यशोधरा (4) नाविक **(3)**

167. 'मैने यह कुर्सी सौ रूपये की खरीदी है।' इस वाक्य में दोष है?
(1) विशेषण का (2) क्रिया का
(3) परसर्ग का (4) क्रिया विशेषण **(3)**

168. किस क्रमांक में 'सूत-सुत' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है
(1) सारथी–पुत्र (2) सारथी–धागा
(3) धागा–घोड़ा (4) पुत्र–सूई **(1)**

169. किस क्रमांक में स्पर्श व्यंजन नहीं हैं
(1) ल, ह (2) ख, ग
(3) त, थ (4) द, ब **(1)**

170. 'कर्त्तव्याकर्त्तव्य' शब्द में समास है-
(1) द्विगु (2) तत्पुरूष
(3) द्वन्द्व (4) अव्ययीभाव **(3)**

171. निम्न में से 'इच्छार्थक' वाक्य है-
(1) सौरभ को बुलाओ (2) तुम्हारा मंगल हो
(3) तुमने सुना होगा (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

172. 'मुद्रा' को दर्शाने वाला विकल्प नहीं है-
(1) अंगभंगिमा (2) मुखर
(3) रूपया (4) मोहर **(2)**

173. निम्नलिखित में से देशज शब्द है-
(1) लड़का (2) लता
(3) सरपट (4) उपर्युक्त सभी **(4)**

174. किस क्रमांक में 'भीति-भित्ति' शब्द-युग्म का सही अर्थ-भेद है-
(1) डर–दीवार (2) आकाश–भय
(3) डर–नौकर (4) धरती–भय **(1)**

175. 'पकाई खीर पर हो गया दलिया' लोकोक्ति का अर्थ होगा-
(1) दुर्भाग्य (2) निर्लज्ज होना
(3) विनाश होना (4) अनुभवहीन **(1)**

176. 'विस्मित और स्मित' युग्म शब्दों का सही अर्थ होगा-
(1) हैरान–मुस्कान (2) बराबर–आदर
(3) मुस्कान–हैरान (4) आदर–बराबर **(1)**

177. 'आकुल' शब्द का अर्थ नहीं होता है-
(1) व्यग्र (2) विह्वल
(3) उद्विग्न (4) कुंद **(4)**

178. 'खूब लाभ होना' को दर्शाने वाला मुहावरा है-
(1) चाँदी का जूता मारना (2) पौ बारह होना
(3) छक्के छूटना (4) इनमें से कोई नहीं **(2)**

179. निम्नलिखित वाक्य में कौनसा विशेषण शब्द है? 'मैने सफेद घोड़ा खरीदा।'
(1) मैंने (2) सफेद
(3) खरीदा (4) घोड़ा **(2)**

180. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है-
(1) उसने प्राण की बाजी लगा दी।
(2) दहेज की लेन–देन बहुत बुरी रिवाज है।
(3) एक फूलों की माला ले आइए।
(4) वह महल पीले पत्थरों से बना हैं। **(4)**

181. संगीत से विशेषण शब्द बनेगा।
(1) संगीतवाला (2) संगीतवान
(3) संगीता (4) संगीतज्ञ **(4)**

182. निम्न में से तद्धित प्रत्यय से बना शब्द है-
(1) लुहार (2) ममेरा
(3) पंचायत (4) उपर्युक्त सभी **(4)**

183. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है-
(1) मोहन जानता है कि शायद उसका मित्र बीमार है।
(2) पंडित नेहरू का राष्ट्र आभारी है।
(3) खाली बैठने की बजाय आप काम करें।
(4) भैंस का ताकतवर दूध होता है। **(3)**

184. निम्न में से किस शब्द में प्रत्यय जुड़ने से संज्ञा शब्द विशेषण बन गया-
(1) लघुता (2) मिठास
(3) बंगाली (4) कलाकार **(3)**

185. 'चन्द्रचूड़' शब्द में समास है-
(1) बहुव्रीहि (2) तत्पुरूष
(3) अव्ययीभाव (4) द्वन्द्व **(1)**

186. 'मिताई' शब्द का तत्सम होगा-
(1) मीठा (2) मिठाई
(3) मित्रता (4) कोई नहीं **(4)**

187. निम्नलिखित में से किस शब्द में प्रत्यय जुड़ने से विशेषण शब्द संज्ञा बन गया-
(1) नमकीन (2) मानवता
(3) कड़वाहट (4) अगला **(3)**

188. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है-
(1) तरूच्छाया (2) श्रेयकर
(3) उज्जवल (4) निरलम्ब **(1)**

189. 'न्यास' शब्द में उपसर्ग है-
(1) आस (2) न्
(3) नि (4) स **(3)**

190. निम्न में से कौनसा शब्द स्त्रीलिंग बोधक है-
(1) भौंह (2) सिर
(3) होंठ (4) नाखून **(1)**

191. 'रत्नाकार' शब्द का सही संधि विच्छेद है-
(1) रत्ना + कर (2) रत्ना + कार
(3) (1) और (2) दोनों (4) रत्न + आकार **(4)**

192. निम्न में से स्त्रीलिंग द्योतक शब्द नहीं है-
(1) ईख (2) मूँग
(3) गेहूँ (4) उड़ान **(3)**

193. निम्न में से कौनसा शुद्ध शब्द है-
(1) उन्नती (2) ऊन्नती
(3) उन्नन्ती (4) उन्नति **(4)**

194. 'रसायन' शब्द में संधि है-
(1) यण संधि (2) विसर्ग संधि
(3) व्यंजन संधि (4) दीर्घ संधि **(4)**

195. किस क्रमांक में 'कृतज्ञ-कृतघ्न' शब्द युग्म का सही अर्थ-भेद है-
(1) रचित–टूटा हुआ
(2) उपकार को न मानने वाला–उपकारी
(3) कृतकार्य–बंधनमुक्त
(4) उपकार मानने वाला–उपकार न मानने वाला **(4)**

196. किस क्रमांक में सभी शब्द शुद्ध हैं-
(1) अभीष्ट, सुशोभित (2) श्रेष्ट, दीच्छा
(3) श्रृंगार, स्रष्टी (4) नछत्र, संतुस्ट **(1)**

197. 'शीघ्र प्रसन्न होने वाला' कहलाता है-
(1) चित्तप्रसन्ना (2) आशुकवि
(3) प्रसन्नचित् (4) आशुतोष **(4)**

198. 'बाण' शब्द को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) सायक (2) केतन
(3) करवाल (4) शकुंत **(1)**


199. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है-
(1) तुम्हें मुझसे नहीं, भगवान से क्षमा माँगनी चाहिए।
(2) गत माह वह अपने घर ही रहेगा।
(3) आम के डाल पर पकने की आशा है।
(4) मैं सुबह जल्दी स्नान लेता हूं। **(1)**

200. किस क्रमांक में सभी शुद्ध हैं-
(1) आर्शिवाद, अनुकूल (2) निरिक्षण, कृपालू
(3) एक्य, सप्ताहिक (4) आजीविका, आशीर्वाद **(4)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज


परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न
राजस्थान GK
PDF DOWNLOAD
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

भारत GK
◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now